PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीमंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रैगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जरूरी सूचना
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें 9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 24 » अंक 5 » जयपुर: 8 अक्टूबर 2025 से 22 अक्टूबर 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/09810 »

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव ने किया शोधरत पीएचडी शोधार्थियों से संवाद

शोध गुणवत्ता में अभिवृद्धि हेतु परस्पर बहुविषयक वैचारिक आदान-प्रदान व विचार-गोष्ठियों में सहभागिता को बताया लाभप्रद

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सचिव प्रो. मनिष आर जोशी का 7 अक्टूबर को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आगमन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु सचिवालय स्थित सीनेट हॉल में प्रातः 10:30 बजे विश्वविद्यालय में शोधरत पीएच.डी. शोधार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में शोधार्थी उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. अल्पनाकटेजा ने प्रो. जोशी का विश्वविद्यालय में आगमन पर स्वागत करते हुए शोधार्थियों से परिचय कराया। प्रो. जोशी ने उपस्थित शोधार्थियों से उनके शोध कार्यों की सारगर्भित जानकारी प्राप्त की एवं अलग-अलग संकायों के शोधार्थियों को शोध सम्बन्धी परस्पर वैचारिक आदान-प्रदान किए जाने का परामर्श दिया। साथ ही अपने शोध कार्य को और अधिक परिष्कृत करने की दृष्टि से समय-समय पर विभिन्न विचार-गोष्ठियों व कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। प्रो. जोशी ने यूजीसी के दिशा-निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र से शोध कार्य के दौरान जेआरएफ, एसआरएफ व पीडीएफसे वैज्ञानिक व प्रायोगिक अध्ययन कार्य कराये जाने सम्बन्धी शोध नवाचार की सराहना की। इससे शोधार्थियों में शिक्षण व संवाद दक्षता में अभिवृद्धि हो सकेगी। संवाद कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय कुलसचिव आशु चौधरी व मुख्य कुलानुशासक प्रो. आर.एन. शर्मा सहित विश्वविद्यालय शिक्षक व अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

हर ग्राम पंचायत में बनेगा खेल का मैदान : स्वायत्त शासन मंत्री

सीकर के दांता में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ
शेखावाटी विश्वविद्यालय की कुल 17 कॉलेज की टीमें ले रही हैं प्रतियोगिता में हिस्सा

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने संपूर्ण राजस्थान की प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान आवंटित किए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में अब तक खेल मैदान नहीं बने हैं, सरकार शीघ्र ही ऐसे ग्रामों में भी खेल मैदान निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। यूडीएच मंत्री खर्रा सीकर जिले के दांता में अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उद्घाटन मैच केन्द्रीय पीजी गर्ल्स कॉलेज कांवट और ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर के मध्य खेला गया जिसमें ग्रामीण पीजी कॉलेज सीकर ने 7 पोइंट से मैच जीता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री ने कहा कि खेल को सर्वत्र खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा जीत और हार को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीत प्रेरणा देती है और हार हमें सीखने का अवसर प्रदान करती है।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि शहरी सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने पहले ही गाइडलाइन जारी कर दी है। यदि कोई अधिकारी विकास कार्यों में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित शहरी सेवा शिविरों का उद्देश्य कमजोर आर्थिक वर्ग के वास्तविक पात्र लोगों को लाभ पहुंचाना है, न कि धनाढ्य वर्ग को फायदा देना हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में नगर पालिकाओं में रिक्त चल रहे अधिशासी अधिकारी पदों को लेकर बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित 111 अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद प्रत्येक नगरपालिका में नियमित अधिकारी पदस्थापित कर दिए जाएंगे। यूडीएच मंत्री खर्रा ने बताया कि राज्य सरकार ने जर्जर भवनों के नवीनीकरण का निर्णय लिया है तथा जो भवन अत्यधिक खराब स्थिति में हैं, उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। अब प्रत्येक वर्ष सरकारी भवनों की सुरक्षा जांच कराई जाएगी। साथ ही सरकारी एवं निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का सूरत दौरा- प्रवासी राजस्थानी राज्य के विकास में दे सतत योगदान

गुजरात और राजस्थान मिलकर सशक्त औद्योगिक कॉरिडोर का कर रहे निर्माणः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए किया आमंत्रित, राज्य सरकार हर वर्ष प्रदान करेगी प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार

ब्यूरो चीफ (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियां राज्य के लोगों, विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि सूरत के साथ ही अपनी मातृभूमि राजस्थान के विकास में भी योगदान दें। शर्मा बुधवार को गुजरात के सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुजरात और राजस्थान का संबंध केवल भौगोलिक निकटता तक सीमित नहीं है बल्कि दोनों राज्यों के बीच रत्न एवं आभूषण, फार्मा, वस्त्र उद्योग और राज्य में प्रस्तावित पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स जैसे क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक सहयोग की भी अपार संभावनाएं हैं।

राजस्थान को मिलकर बनाएं जेम्स एण्ड ज्वेलरी हब : मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरत और राजस्थान उद्यमिता, सृजनशीलता और यैर्य की साझा भावना से जुड़े हैं। सूरत हीरे की कटाई और सिंथेटिक टेक्सटाइल्स के लिए विश्व प्रसिद्ध है, वहीं राजस्थान रंगीन पत्थरों, कुंदन, मीनाकारी, वस्त्र और रत्नों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर राजस्थान को विश्व का जेम्स एंड ज्वेलरी हब बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

राजस्थान को बनाना है बड़ा उद्योगपति : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विज्ञानए व्यवसायए कलाए खेलए साहित्यए सिनेमाए संगीत और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया जाएगा।

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और डेटा सेंटर्स स्थापित करने में मिलेगा सहयोग : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में दिसम्बर में पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी की शुरुआत करने जा रही है। इसके साथ ही हमारी सरकार निवेशकों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और डेटा सेंटर्स स्थापित करने में हर संभव सहयोग देगी। उन्होंने उम्मीदों और निवेशकों को आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल, पर्यटन और खनन जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध मजबूत करने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार किया है। वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन के 26 चैप्टर्स देश और विदेश में सक्रिय हैं। ये चैप्टर्स प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ सार्थक संवाद, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

7 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतरे : शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समर्पित विभाग भी स्थापित करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य राजस्थान के वैश्विक प्रवासी समुदाय को राज्य के विकास में सहभागी बनाना और विकसित राजस्थान 2047 के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। राज्य सरकार के प्रयासों से राजस्थान देश के सबसे अधिक निवेश-अनुकूल और प्रगतिशील राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 7 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतर चुके हैं।

रिप्रज-2024 के तहत निवेशकों को मिली 1400 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी : मुख्यमंत्री ने राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने 20 से अधिक नई नीतियां लागू तथा संशोधित की हैं,

जिससे एक प्रगतिशील व्यापारिक परिस्थितिकी तंत्र तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम रिप्रज-2024 के तहत पिछले डेढ़ वर्ष में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी निवेशकों को दी गई है, जिससे निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों ने राजस्थान में उद्योग स्थापित करना और निवेश करना न केवल पहले से कहीं अधिक आसान बना दिया है बल्कि नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के अनेक नए द्वार भी खोले हैं।

प्रवासी राजस्थानियों का जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय योगदान : शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी समुदाय के जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इन पहलों ने राजस्थान में उद्योग स्थापित करना और निवेश करना न केवल पहले से कहीं अधिक आसान बना दिया है बल्कि नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के अनेक नए द्वार भी खोले हैं।

प्रवासी राजस्थानियों का हुआ सम्मान, राजस्थान फाउंडेशन का ब्रोशर जारी: मुख्यमंत्री शर्मा ने सूरत में आयोजित प्रवासी राजस्थानी मीट में सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रवासी राजस्थानी समुदाय की सामूहिक शक्ति, सेवा भावना और राजस्थान की समृद्ध विरासत का प्रतीक है। साथ ही, उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन का ब्रोशर भी जारी किया, जिसमें फाउंडेशन के उद्देश्य, संरचना और देश-विदेश में संचालित विभिन्न चैप्टर्स का विवरण शामिल है। यह ब्रोशर प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में तैयार किया गया है ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और राज्य के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में उपलब्ध निवेश अवसरों में भागीदार बनें और विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर विधायक पुष्पेंद्र सिंह, छगन सिंह राजपुरोहित, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू-जल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरिखन अरोड़ा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता, सीआईआई दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद के चेयरमैन हेतुल मेहता सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन सूरत चैप्टर के अध्यक्ष श्याम राठी सहित बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी समुदाय के सदस्य भी शामिल हुए।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के बारे में : प्रवासी राजस्थानी दिवस, 10 दिसंबर को जयपुर में मनाया जाएगा। यह राजस्थान सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य अपने वैश्विक प्रवासी समुदाय से जुड़ाव को सशक्त करना है। उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाता है और राज्य सरकार के साथ सहयोग, निवेश और सांस्कृतिक जुड़ाव के नए मार्ग खोलता है।

अंता विधानसभा उप चुनाव- वरीष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं सेवा मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र सुविधा : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

ब्यूरो चीफ (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

अंता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीनमहाजन ने बताया कि अंता विधानसभा उपचुनाव-2025 के संबंध में निर्वाचन आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60-सी के अंतर्गत यह अधिसूचित किया है कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता तथा मानक दिव्यांगता वाले मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मत दे सकेंगे। महाजन ने बताया कि ऐसे मतदाता फॉर्म 12-डी का उपयोग कर मतदान की अधिसूचना जारी होने के पाँच दिनों के भीतर अपने बीएलओ के माध्यम से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। मतदान दल उनके घर जाकर मत एकत्र करेंगे। इसके अतिरिक्त, मतदान दिवस पर आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी भी अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से डाक मतपत्र सुविधा हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस सुविधा में अनिवश्यम सेवा, स्वास्थ्य सेवा, विद्युत, यातायात, पंबुलेंस सेवा, विमानन, लंबी दूरी की सरकारी परिवहन सेवाएँ आदि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित नीडिया प्रतिनिधियों को भी मतदान दिवस पर डाक मतपत्र सुविधा के अंतर्गत आवश्यक सेवाओं के अनुपस्थित मतदाता के रूप में शामिल किया गया है। सेवा मतदाताओं को उनके डाक मतपत्र ETPBS (Electronically Transmitted Postal Ballot System) के माध्यम से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रत्याशियों की सूची के अंतिम रूप से तय होने के तुरंत बाद भेजे जाएंगे। सेवा मतदाताओं को डाक खर्च वहन नहीं करना होगा।

रिटर्निंग ऑफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को उपर्युक्त प्रावधानों की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि अंता विधानसभा क्षेत्र में 1 अक्टूबर 2025 तक कुल 2,27,563 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें 1013 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं, 1170 मतदाता मानक दिव्यांगता वाले एवं 39 सेवा मतदाता हैं जो अंता विधानसभा क्षेत्र में डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

गिव अप अभियान की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 की

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गत 1 जनवरी को गिव अप अभियान चलाया था। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार जैसे ऐसे परिवार जिनमें कोई भी सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कार्मिक हो या 1 लाख रूपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हैं या परिवार के समस्त सदस्यों की कुल वार्षिक आय 1 लाख रूपये से अधिक है या निजी चौपहिया वाहन धारक अथवा आयकरदाता सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जाना था।

अभियान की व्यापक सफलता को देखते हुए अब अभियान को 31 अक्टूबर तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। 31 अक्टूबर के बाद खाद्य सुरक्षा सूची में सम्मिलित रहने वाले अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जुर्माना/शास्ति/दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। शास्ति की गणना 27 रूपये प्रति किलोग्राम गेहूं के अनुसार खाद्य सुरक्षा सूची में नाम अंकित होने की तिथि से नाम हटाने की तिथि तक उस व्यक्ति द्वारा प्रितत खाद्यान्न प्राप्त किया गया है, के अनुसार की जाकर मय ब्याज वसूली की जावेगी। जयपुर जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह प्रत्येक उपखण्ड में ग्राम विकास अधिकारीए पटवारी उचित मूल्य दुकानदारों के माध्यम से इस प्रकार के व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने हेतु प्रेरित करें। इस हेतु जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर नाम हटवाने हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध करवाये गये हैं। कोई भी अपात्र व्यक्ति अपनी निकटतम उचित मूल्य दुकान से आवेदन पत्र प्राप्त कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाया जाने हेतु खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान सरकार की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जयपुर जिले में 26 सितम्बर तक अभियान में 2,41,635 व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से पृथक किया गया है, अपात्र 3497 व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से हटवाने हेतु नोटिस जारी किये गये हैं।

मोदी विश्वविद्यालय में छह दिवसीय राष्ट्रीय अटल एफडीपी कार्यक्रम का शुभारंभ

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

लक्ष्मणगढ़। मोदी यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, लक्ष्मणगढ़ में एआईसीटीई-अटल (AICTE & ATAL) द्वारा प्रायोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) 'एआई एंड इनोवेटिव इंजीनियरिंग इन हेल्थकेयर फ्रॉम स्मार्ट इम्प्लांट्स टू वेयरेबल टेक' का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 11 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश के 150 से अधिक शिक्षाविद, शोधकर्ता और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. (डा.) आशुतोष भारद्वाज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और बहुविषयक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. (डा.) प्रतीक भाति, डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की अनुसंधान और तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि और की-नोट स्पीकर प्रो. कामेश नम्बुद्री ने 'एआई-ड्रिवन कम्युनिकेशन एंड ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजीज इन हेल्थकेयर' विषय पर व्याख्यान देते हुए एआई आधारित टेलीमेडिसिन, आपातकालीन संचार और ड्रोन आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की संभावनाओं पर चर्चा की। पहले दिन डा. दमन सलूजा (दिल्ली विश्वविद्यालय) और डा. मोजांग साहा (नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, अमेरिका) ने विशेषज्ञ सत्रों का संचालन किया। दोनों सत्रों को प्रतिभागियों से सराहना प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन डा. जीतू शर्मा (समन्वयक) और डा. संदीप जायसवाल (सह-समन्वयक) द्वारा किया गया। छह दिवसीय यह कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बायोमेडिकल इनोवेशन और हेल्थकेयर इंजीनियरिंग के समन्वय पर केंद्रित रहेगा।

देवनानी ने किया ब्रिटिश संसद का अवलोकन

हाउस ऑफ कॉमंस और हाउस ऑफ लॉर्ड्स की संसदीय प्रणाली को समझा, अजमेर की ऐतिहासिक पेंटिंग देखी

भारत का लोकतंत्र सबसे बडा और सुदृढ : देवनानी

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन प्रवास के दौरान ब्रिटिश संसद का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ब्रिटिश लोकतंत्र की ऐतिहासिक इमारत वेस्टमिंस्टर पैलेस के दोनों सदनों हाउस ऑफ कॉमंस और हाउस ऑफ लॉर्ड्स की संसदीय व्यवस्था को देखा। देवनानी ने ब्रिटिश संसद के दोनों सदनों की संसदीय प्रणाली और परम्पराओं की विस्तार से जानकारी ली। भारत का लोकतंत्र सबसे बडा और सुदृढ देवनानी ने ब्रिटिश संसद परिसर में स्थित वेस्टमिंस्टर हॉल और सेंट्रल लॉबी का भी अवलोकन किया, जो ब्रिटिश लोकतंत्र की ऐतिहासिक धरोहरों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश संसदीय प्रणाली पुरानी है, लेकिन भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बडा और सुदृढ है।

अजमेर की पेंटिंग को देख देवनानी ने - स्पीकर देवनानी ने ब्रिटिश संसद के सेन्ट स्टीफन हॉल में सर थॉमस रॉ एट द कोर्ट ऑफ अजमेर 1614 की पेंटिंग को देखा। यह पेंटिंग द बिल्डिंग ऑफ ब्रिटेन नामक कलाकृति श्रंखला में लगी हुई आठ बडी पेंटिंग का हिस्सा है। देवनानी ने

कहा कि यह पेंटिंग ब्रिटिश भारत के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाती है और सदियों पुराने भारत-ब्रिटेन संबंधों की याद दिलाती है।

लोकतांत्रिक संबंधों की जड़ें गहरी- देवनानी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के लोकतांत्रिक संबंधों की जड़ें गहरी हैं। दोनों देशों की संसदें संवाद, सहिष्णुता और जनसेवा की भावना से लोकतंत्र को सशक्त बना रही हैं। अब ये संबंध एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौता कल टैरिफ, व्यापक बाज़ार पहुँच और मज़बूत आर्थिक साझेदारी का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। देवनानी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि लगातार निखर रही है।

श्रीकन्या सदाचार उ. मा. विद्यालय
अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम यह शैक्षणिक संस्था
आकड़ू शर्मा, बनीपार्क, जयपुर - फोन : 0141-2202026
विशेषताएँ :-
प्रतिष्ठित, समर्पित एवं अनुभवी स्टॉफ
उन्नत पुस्तकालय
सुसज्जित प्रयोगशालाएँ
विशाल क्रीड़ा प्रांगण
सांस्कृतिक सुविधा (कराटे)
छात्रावास पाठशाला (जिला से बाहर के / विद्यार्थियों का इस शाला में बढ़ता 10 % का "सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम")
परिवार आपके बच्चे में, स्वस्थ व सुखद वातावरण
75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फीस में विशेष छूट
वाहन सुविधा उपलब्ध
प्रवेश प्रारम्भ
Sadachar Public School
Nursery, LKG, UKG & 1st to VIIIth

प्रकाशन के लिए अपने खबर भेजें या मेल करें-
संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006
मो. 9314407796
parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

PRIME TRACK
TRACKON EXPRESS PRODUCT
Trackon
Couriers Pvt. Limited
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। इस पखवाड़े में पांच दिवसीय दीपोत्सव का पर्व है। दीपावली, भारत में मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह त्योहार, हर साल, केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर के भारतीय समुदायों में विशेष आनंद और उत्साह के साथ मनाया जाता है। 'दीपावली' शब्द का अर्थ होता है 'दीपों की श्रृंखला'। यह शब्द बना है 'दीप' और 'आवली' को जोड़ कर जिन्हें संस्कृत भाषा के शब्दों से लिया गया है। दीपावली को दिवाली या दीवाली भी कहा जाता है। यह त्योहार हर घर में खुशियों की सौगात लाता है और इस दिन हर घर में भगवान गणेश और लक्ष्मी की पूजा की जाती है। यूँ तो दीवाली पांच दिनों का त्योहार है जहां हर एक दिन का एक अलग महत्व है लेकिन आमतौर पर 2 दिन सबसे खास होते हैं - छोटी दिवाली और दिवाली। आमतौर पर दिवाली का त्योहार अक्टूबर के मध्य से नवंबर के मध्य में पड़ता है। दीपावली कार्तिक माह के पंद्रहवें दिन अमावस्या को मनाई जाती है। 2025 में दिवाली, सोमवार, 20 अक्टूबर को है। दिवाली की तारीख हर साल बदलती रहती है, क्योंकि यह चंद्र कैलेंडर के अनुसार तय होती है। यह कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाई जाती है, जो कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार एक नया चाँद होता है। यह पांच दिनों तक मनाये जाने वाला यह पर्व धनतेरस से भाई दूज तक चलता है। धनतेरस के दिन व्यापार अपने बहीखाते नए बनाते हैं। अगले दिन नरक चौदस के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करना अच्छा माना जाता है। अमावस्या के दिन लक्ष्मीजी की पूजा की जाती है। खील-बताशे का प्रसाद चढ़ाया जाता है। नए कपड़े पहने जाते हैं। फुलझड़ी, पटाखे छोड़े जाते हैं। असंख्य दीपों की रंग-बिरंगी रोशनियां मन को मोह लेती हैं। दुकानों, बाज़ारों और घरों की सजावट दर्शनीय रहती है। अगला दिन परस्पर भेंट का दिन होता है। एक-दूसरे के गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी जाती हैं। गृहिणियां मेहमानों का स्वागत करती हैं। लोग छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का भेद भूलकर आपस में मिल-जुलकर यह त्योहार मनाते हैं। दीवाली का पौराणिक और धार्मिक महत्व : प्रभु श्रीराम को अपने राज्य अयोध्या से 14 वर्षों के लिए वन जाने का आदेश दिया गया था। अपने पिता के वचन को निभाने के लिए, श्रीराम ने 14 वर्षों तक वन में रहे। इन वनवास में उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके छोटे भाई, लक्ष्मण ने उनका साथ दिया। इस दौरान, रामजी ने राक्षसराज रावण को हराया, जिसने देवी सीता का अपहरण किया था। जब श्री राम, देवी सीता और लक्ष्मण 14 वर्षों के बाद अयोध्या लौटे, तो अयोध्यावासी बहुत खुश हुए। उनकी वापसी और रावण पर श्रीराम की विजय का उत्सव मनाने के लिए, अयोध्या के लोगों ने पूरे नगर में दीपे जलाए और दीपावली के त्योहार की शुरुआत हुई। आप सभी पाठकों को भी आने वाले दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। **जय हिन्द। जय भारत।**

सनातन संयम साधन के नवरात्रि व्रत पर्व को अपसंस्कृति से बचाना होगा

ओउमाश्रय सेवा धाम में बुद्धिजीवियों का चिंतन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। निराश्रित जनों की सेवार्थ शिव विहार कालोनी मुहाना स्थित ओउमाश्रय सेवा धाम में विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकार डाक्टर इंजीनियर सीए सूचना तकनीक व्यापारिक सामाजिक सारोकारो से जुड़े विशेषज्ञों ने आयाजित नवरात्रि व्रत पर्व की महत्ता पर चिंतन किया।

वैदिक चिंतक ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने कहा कि नौ रूपों में देवीय शक्ति की संयम साधना उपासना द्वारा समाहता से सुख शांति और आनंदित जीवन यानि मोक्षगामी होना है। यश ने कठोर तप वृत की जगह फिल्मी फूहड़ वासनोत्तेजक अपसंस्कृति फैलाने वाले कोलाहल वाले कार्यक्रम सनातन विरोधी हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मोहन मंगलम् डॉ प्रमोद पाल भगवान दास गर्ग देवेश गोयल डॉ अनन्या यश विनोद आर्य विशाल आर्य वैभव वंशल विपिन जिंदल प्रकाश नचकानी शैल कुमारी अजीत सिंह आशा वृजराज कुमारी आग्नेय यश श्रेयांस भावना अपूर्व भट्टाचार्य गुंजन शर्मा ईशान शर्मा रवि कुमावत वैभव पंकज सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे। चिंतन से पहले स्वस्ति यज्ञ में आहुतियां दी गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिलावट के विरूध अभियान व्यापक स्तर पर जारी

आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ की उपलब्धता राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता

मिलावटी 76 हजार किलो खाद्य पदार्थ जब्त, 59 हजार किलो सामग्री नष्ट त्योहारी सीजन में कच्चे माल के निर्माता और आपूर्तिकर्ताओं पर विशेष निगरानी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम लगाकर आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, आमजन को स्वस्थ खान-पान एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु ईट राइट राजस्थान और निरामय राजस्थान जैसे क्यावरों पर फोकस किया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए सिर्फ रोशनी ही नहीं, बल्कि प्रत्येक थाली भी हो सुरक्षित थीम पर मिलावट के विरुद्ध व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक 76 हजार किलोग्राम से अधिक संदिग्ध मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए गए हैं एवं 58 हजार किलोग्राम से अधिक खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की ओर से दीपावली के त्योहार को देखते हुए खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया गया है। इस दौरान मिठाई, घी, तेल, मावा, डेयरी उत्पाद और खाद्य रंग सहित अन्य खाद्य पदार्थों के साथ ही कच्चे माल के निर्माता और आपूर्तिकर्ताओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

अब तक 2 हजार 835 निरीक्षण और 2 हजार 556 प्रवर्तन जांच : राठौड़ ने बताया कि अभियान में 01 सितंबर से अब तक कुल 2 हजार 835 निरीक्षण किए गए, जिनमें 2 हजार 556 प्रवर्तन जांच शामिल हैं। साथ ही, 3 हजार 520 निगरानी नमूने लैरी भी किए गए हैं, जो उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इन कार्रवाई का उद्देश्य ऐसे उत्पादकों, थोक विक्रेताओं और मिठाई निर्माताओं की पहचान करना था, जो दूध उत्पाद, खोया, खाद्य तेल या घी जैसे अधिक मांग वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट करते हैं। अभियान के तहत अब तक 76 हजार 283 किलोग्राम संदिग्ध या मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए गए हैं तथा 58 हजार 780 किलोग्राम मिलावटी खाद्य सामग्री को नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान विभाग की वार्षिक रोकथाम कार्ययोजना का हिस्सा था, जिसका मुख्य लक्ष्य त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

पिछले साल से ज्यादा कार्रवाई : उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2024-25 के आंकड़ों से तुलना करें तो विभाग और अधिक सतर्कता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है। पिछले वर्ष की अवधि में कुल 39 हजार 245 कार्रवाइयाँ निरीक्षण, प्रवर्तन और निगरानी की गईं, जिनमें एक लाख किलोग्राम से अधिक असुरक्षित खाद्य सामग्री नष्ट की गई और 6.18 लाख किलोग्राम जब्त की गई थी। जबकि इस चिंतीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अगस्त माह तक ही 20 हजार 503 कार्रवाइयां दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें 57 हजार 260 किलोग्राम सामग्री नष्ट और 78 हजार 463 किलोग्राम जब्त की गई हैं।

घी, तेल, खोया और खाद्य रंग उत्पादन इकाइयों पर विशेष फोकस : खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी शुभमंगला ने बताया कि इस अभियान का विशेष ध्यान उन इकाइयों पर है, जो घी, तेल, खोया, खाद्य रंग और अन्य कच्चे माल का उत्पादन करती हैं, क्योंकि मिलावट का सबसे बड़ा जोखिम इन्हीं स्तरों पर होता है। अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों की टीमों ने सैंपल एकत्र किए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई के लाइसेंसों की जांच की और जहां आवश्यक पाया गया, वहां सुधार नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

मिलावट की सूचना नियंत्रण कक्ष या एप पर दें : डॉ टी शुभमंगला ने बताया कि विभाग ने मिठाई निर्माताओं और खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए कार्यशालाएं और परामर्श सत्र भी आयोजित किए हैं, जिनमें स्वच्छता, भंडारण और असली कच्चे माल के उपयोग पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया है। इसके अलावा विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध या अस्वच्छ खाद्य निर्माण या विक्रय गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें। एफएसएसएआई फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप या स्थानीय नियंत्रण कक्ष के नंबरों के माध्यम से शिकायत दर्ज करांई जा सकती है।

डेनमार्क के लिए रवाना हुआ राजस्थान के 38 प्रगतिशील किसानों का दल, पशुपालन मंत्री सहित तीन मंत्री व अधिकारी

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के बिन्दु 124 के तहत किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत 38 प्रगतिशील किसानों का दल तीन मंत्रिगण के नेतृत्व में बुधवार को नई दिल्ली से डेनमार्क के कोपेनहेगन के लिए रवाना हुआ।

इस दल में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायती राज व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, पशुपालन राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा, कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल, कृषि विपणन निदेशक राजेश कुमार चौहान के साथ कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों के 9 अधिकारी भी शामिल हैं। इस दौरे में भरतपुर, जोधपुर, भीलवाड़ा, सीकर व उदयपुर कृषि संभाग से 4-4 कृषक, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जालोर व कोटा कृषि संभाग से 3-3 तथा जयपुर कृषि संभाग से 6 किसान सहित कुल 38 किसान डेनमार्क के लिए रवाना हुए हैं। कृषक दल का प्रतिनिधित्व जोराराम कुमावत कर रहे हैं।

जोराराम कुमावत ने बताया कि राज्य के कृषकों की आय के मूल स्रोत कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन के मद्देनजर प्रथम चरण में डेनमार्क का दौरा तय किया गया। इस दौरे में यह दल 12 अक्टूबर तक कृषि एवं डेयरी क्षेत्र

में डेनमार्क में हो रहे नवाचारों की जानकारी प्राप्त करेगा। भ्रमण के दौरान इस दल की डेनमार्क के विभिन्न संगठनों के साथ बैठकें भी होंगी जिसमें कृषि और पशुपालन के क्षेत्र को बढ़ावा देने की जानकारियों को साझा किया जाएगा। भ्रमणदल द्वारा प्रतिदिन किये गए दौरे व बैठकों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाएगा तथा राज्य व देश के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल लाभदायक तकनीक व नीतियों को लागू करने की सिफारिश की जाएगी। यह दल 14 अक्टूबर को नई दिल्ली लौटेगा।

आयोग ने जारी की दो परीक्षाओं की प्रस्तावित परीक्षा तिथि- वर्ष 2026

जनवरी से जुलाई तक 26लाख से अधिक अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को दो परीक्षाओं की प्रस्तावित परीक्षा तिथि जारी की गई। प्रस्तावित कार्य मानुसार प्राथ्यापक कृषि स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षाए 2025 का आयोजन 31 मई 2026 रविवार से 16 जून 2026 मंगलवार तक माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत होने वाली प्राथ्यापक एवं कोय स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा- 2025 के साथ किया जाएगा। वहीं, कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रतियोगी परीक्षाए 2025 जयपुर विकास प्राधिकरण विभाग की परीक्षा तिथि 26 जुलाई 2026 रविवार और 27 जुलाई 2026 सोमवार प्रस्तावित की गई है। प्राध्यापक कृषि स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा 2025 के 500 पदों हेतु 5 हजार से अधिक तथा कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा 2025 जयपुर विकास प्राधिकरण विभाग के 12 पदों हेतु 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उक्त परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम यथासमय जारी कर दिया जाएगा। उपरोक्त परीक्षाओं के अतिरिक्त आयोग द्वारा वर्ष 2026 में जनवरी से जून माह तक आयोजित होने वाली 10 अन्य भर्तियों की प्रस्तावित परीक्षा तिथि भी पूर्व में ही जारी की जा चुकी हैं। इस अनुसार आयोग द्वारा 7 माह के दौरान 13 हजार से अधिक विभिन्न पदों के लिए 26 लाख से अधिक अभ्यर्थियों हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

जनवरी 2026 में होने वाली परीक्षाएं - डिप्टी कमांडेंट क्षेत्र गाइर्ड भर्ती-2025 और व्याख्याता आयुर्वेद विभाग भर्ती-2025 की परीक्षाएं 11 जनवरी 2026 को शुरू होंगी। व्याख्याता आयुर्वेद विभाग की परीक्षा 15 जनवरी 2026 तक चलेगी।

फरवरी 2026 में होने वाली परीक्षाएं : कनिष्ठ रसायनज्ञ भर्ती-2025 और सहायक विद्युत निरीक्षक भर्ती-2025 की परीक्षाएं 1 फरवरी 2026 को निर्धारित हैं।

मार्च 2026 में होने वाली परीक्षाएं : सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 मुख्य 15 मार्च 2026 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित होगी।

अप्रैल 2026 में होने वाली परीक्षाएं : उपनिरीक्षक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2025 की तिथि 5 अप्रैल 2026 है।

पशु चिकित्सा अधिकारी 2025 और सहायक कृषि अभियंता-2025 की परीक्षाएं 19 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित हैं।

मई-जून 2026 में होने वाली परीक्षाएं : स्कूल व्याख्याता स्कूल शिक्षा-2025 और प्राध्यापक कृषि स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2025 दोनों परीक्षाएं 31 मई 2026 को शुरू होकर 16 जून 2026 तक चलेंगी।

जुलाई 2026 में होने वाली परीक्षाएं : वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2025 का आयोजन 12 जुलाई 2026 से 18 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।

कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रतियोगी परीक्षाए 2025-26 जुलाई 2026 रविवार और 27 जुलाई 2026 सोमवार को निर्धारित है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भार्ती-2024 अभ्यर्थी आवेदन पत्रों में 16 अक्टूबर तक कर सकेंगे संशोधन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 के लिए अभ्यर्थियों को संशोधन के अंतिम अवसर प्रदान किए जा रहे है। अभ्यर्थी ऑनलाईन माध्यम से 16 अक्टुबर 2025 रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार कर सकेंगे। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी ओटीआर में दर्ज सूचनाओं जैसे फोटो, हस्ताक्षर एवं शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अन्य सूचनाओं में निर्धारित रूपये 300 का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। इस दौरान अभ्यर्थी अपनी विभागों की प्राथमिकता में भी संशोधन कर सकेगें। आवेदन में संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। साथ ही, अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में विशेषकर श्रेणी, उप श्रेणी, प्राथमिकता, वैवाहिक स्थिति, टीएसपी क्षेत्र, इत्यादि में त्रुटि रहने से परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव होते है। अतः अभ्यर्थी इस दौरान आवश्यक संशोधन कर लेवें। इसके पश्चात् कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

बीजेपी शहर जिला अजमेर ने लगाया आयुष्मान कार्ड कैम्प

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ मध्य परिष्कार

अजमेर। पृथ्वीराज मंडल भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अजमेर द्वारा विगत दिनों में सभी वार्डों में आयुष्मान कार्ड के कैंप लगाएं गए जहां 70 वर्ष की आयु से अधिक के वृद्ध जनों के पांच लाख चिकित्सा बीमा वाले वय वंदना आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए गए। इन सभी कार्डों का वितरण आज छोटे धड़े की नसिया में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के द्वारा किया गया।

लाभार्थियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते देवनानी ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है जिसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को 5 लाख रुपए का चिकित्सीय बीमा मिलता है। देवनानी ने कहा कि यह कार्ड सभी वृद्धजनों को आत्मविश्वास देता है कि बुरे समय में या इलाज की जरूरत पड़ने पर 5 लाख रुपए का इलाज सुचीबद्ध सरकारी और गैर सरकारी अस्पताल में मिलेगा।

उन्होंने ने कहा कि 90 प्रतिशत बीमारियां ऐसी है जिन का इलाज पांच लाख रुपये की राशि में किया जा सकता है यह कार्ड आप सभी के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पृथ्वीराज मंडल के अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि आयुष्मान कैंप मंडल के सभी वार्डों में जाकर लगाए गए साथ ही इन सभी कैंप में किसी भी प्रकार से पी एच सी और ई-मित्र की सहायता नहीं ली गई।

गोयल ने बताया कि यह आयुष्मान कार्ड कैंप मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए और सभी कार्ड कार्यकर्ताओं

ने बनाए जहां 300 कार्ड बनाकर आज वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री के के त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनिल नरवाल किया।

कार्यक्रम संयोजक अशोक मुद्गल ने बताया कि आज इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भारती श्रीवास्तव पार्षद राजू साहू, हेमलता बंसल, किशन बालानी, राजेंद्र गहलोत ललित अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह पंडिहार, सर्वेश बजाज, सुरेश गोयल, मुकेश चरनाल, प्रदीप मंगानी, संजय जैदिया, प्रवीण सोनगरा, राजवीर कुमावत, रजनीकांत बिजावत, रमेश कौशल, कमल जैमन, शिव सिंह, पूनम अग्रवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आरपीएससी ने जारी की आरएएस मुख्य परीक्षा-2024 साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा-2024 के साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की है।

इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि 2461 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा 2 सितंबर, 2024 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2024 का विज्ञापन जारी किया गया था। इसके तहत कुल 1096 पदों राज्य सेवाएं 428 एवं अधीनस्थ सेवाएं 668 पद भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा 2 फरवरी, 2025 को हुई। इसका परिणाम 20 फरवरी को जारी किया गया। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने 17 व 18 जून को मुख्य परीक्षा दी थी।

मुख्यमंत्री की पहल पर रिम्स स्थापना के काम को मिल रही है गति

एम्स नई दिल्ली और राजस्थान सरकार के बीच एमओयू

रिम्स के विकास की दिशा में तेजी से आगे बढेंगे कदम, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और सुदृढ़, प्रदेश के युवाओं को मिलेगी विश्वस्तरीय चिकित्सा शिक्षा

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर एम्स की तर्ज पर जयपुर में रिम्स की स्थापना के काम को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, नई दिल्ली और राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के बीच मंगलवार को राजस्थान आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स जयपुर की स्थापना और संचालन के लिए एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू पर एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा आयुक्त डॉ इकबाल खान ने हस्ताक्षर किए।

चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि यह समझौता संस्थागत विकास पर केंद्रित है, जिसमें तकनीकी, शैक्षणिक और संगठनात्मक सहायता के माध्यम से पारस्परिक लाभ पर जोर दिया गया हैए जिससे नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा। एम्स की वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता का लाभ लेकर रिम्स को एक अग्रणी तृतीयक चिकित्सा संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाए शिक्षा और अनुसंधान में अंतरराष्ट्रीय मानक सुनिश्चित हो सकेंगे।

एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास ने कहा कि एम्स अपनी संस्थागत विरासत को रिम्स जैसे उभरते उत्कृष्टता केंद्रों के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एमओयू दूरदृष्टि और विशेषज्ञता का एक सहज संयोजन है, जो राजस्थान के युवाओं और समुदायों को विश्वस्तरीय चिकित्सा शिक्षा देने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करेगा। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त डॉ इकबाल खान ने कहा कि एम्स के साथ साझेदारी

में अत्याधुनिक सुविधाएं सुगमता से विकसित की जा सकें। प्रदेश में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर शिक्षण के लिए पाठ्यक्रम डिजाइन, संकाय प्रशिक्षण, चिमिमय कार्यक्रम और मेंटरशिप में संयुक्त प्रयास किया जायेगा, जिससे नैदानिक और शैक्षणिक क्षमताओं का संवर्द्धन होगा। साथ ही, संगठनात्मक ढांचे, मानव संसाधन नीतियों, खरीद फ्रेमवर्क, जैव-सुरक्षा मानकों, नैतिकता समितियों और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल की स्थापना में सहायता मिल सकेगी।

एमओयू के क्रियान्वयन से अनुसंधान और नैदानिक उत्कृष्टता आयेगी। संयुक्त अनुसंधान पहल, नैदानिक प्रयोगशालाएं और मानक संचालन प्रक्रियाएं बेहतर हो सकेंगी, जिससे साक्ष्य-आधारित अभ्यास और रोगी परिणामों में सुधार होगा।

रिम्स जयपुर के लिए एक परिवर्तनकारी कदम है। यह पहल चिकित्सा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। साथ ही, चिकित्सा अनुसंधान और सार्वजनिक स्वास्थ्य में टिकाऊ प्रगति को भी बढ़ावा देगी, जो राज्य के आमजनों को लाभान्वित करेगी।

एमओयू के तहत एम्स द्वारा रिम्स के लिए साइट योजना, रोगी प्रवाह डिजाइन, नियामक अनुपालन और वास्तुशिल्प ढांचे पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, ताकि रिम्स को एक विश्वस्तरीय शिक्षण अस्पताल में बदलने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भारती श्रीवास्तव

श्री धानका समाज विकास समिति जयपुर के चुनावों के लिए ज्ञापन दिया

हथरोई बावड़ी के युवाओं ने उपाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

विजय सिंह किरार
सामाजिक कार्यकर्ता एवं
सक्स्य, धानका समाज विकास समिति

परिष्कार पत्रिका जयपुर। श्रीधानका समाज विकास समिति हथरोई बावड़ी जयपुर के चुनाव करवाने के लिए स्थानीय निवासी युवाओ ने विजय सिंह किरार किरार के नेतृत्व में समिति उपाध्यक्ष शिवचरण मौर्य को ज्ञापन देकर चुनाव की तारीख तय करने की मांग की।

विजय सिंह किरार ने बताया कि श्री धानका समाज विकास समिति हथरोई बावड़ी जयपुर के चुनाव 17 अप्रेल 2016 को आयोजित किए गए थे। उसके बाद वर्तमान में 2025 में 9 वर्ष बीत गए हैं। साथ ही इस बीच 10 सितंबर 2022 को समिति के अध्यक्ष राधाकिशन पचेचवान का निधन हो गया। जिसके बाद अभी तक महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी चुनाव के लिए कोई भूमिका नहीं बना रहे हैं। ना ही अध्यक्ष के लिए किसी को मनोनित कर रहे है। साथ ही समिति ने इन 9 वर्षों में इन कार्यों में कोई कार्य नहीं किया। इन्होंने 9 वर्षों में कोई भी सामाजिक कार्यक्रम नहीं किया। इन 9 वर्षों में कार्यकारिणी का रजिस्ट्रार ऑफिस में अनुमोदन नहीं कराया। कार्यकारिणी की कोई बैठक या समाज की आम सभा आयोजित नहीं की। इन 9 वर्षों में समिति ने एक बार भी लेखे-जोखे से आम समाज को अवगत नहीं कराया। समिति के अध्यक्ष के निधन के बाद कोई अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया। ऐसे में हथरोई बावड़ी के युवाओं का आह्वान है कि वे जल्द से जल्द चुनाव की प्रक्रिया शुरू करें।



इस अवसर पर दिनेश कुमार मौर्य, मोहन लाल पचेरवाल, सतीश कुमार, अनिल निर्वाण, शिवचरण मौर्य उपाध्यक्ष, राजकुमार डाबी, रोशन लाल मौर्य सहित अनेक युवा उपस्थित होकर चुनाव कराने के लिए अपनी सहमति जाहिर की। युवाओं ने उपाध्यक्ष शिव चरण मौर्य को बताया कि वे जल्द से जल्द चुनावों की घोषणा करें अन्यथा हम दिपावली के बाद आम समाज को एकत्रित कर चुनावों की तारीख तय करेंगे।

एचजेयू के छात्रावास निर्माण में सहयोग करेंगे : कैलाश वर्मा

बगरू विधायक ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में सामुदायकि सहभागिता केंद्र का किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दहमींकलां स्थित हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में बुधवार को सामुदायिक सहभागिता केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगरू विधायक डॉ कैलाश वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो नन्द किशोर पांडे ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कैलाश वर्मा ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया भी दिया। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक ज्ञान का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जहां विचारों का आदान-प्रदान सहज होता है, वहां विकास और प्रतिभाएं अवरुद्ध नहीं होतीं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की सुविधाओं हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों और छात्राओं के लिए दो छात्रावासों के निमार्ण में वे पूरा सहयोग करेंगे। इसके लिए राज्य सरकार से जो संभव होगा उसमें सहयोग किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर वह स्वयं भी सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय तक परिवहन की सुविधा भी जल्द करवाएंगे। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो पांडे ने कहा कि डॉ कैलाश वर्मा छात्र जीवन से ही तेजस्वी और छात्र हितों के प्रति समर्पित रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में उनका सहयोग बेहद महत्त्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का अर्थ केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि सतत् विकास और सामाजिक संवेदनशीलता से भी है। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय आसपास के गांवों में सामाजिक उत्थान से संबंधित कार्यों में सहयोग करेगा। कार्यक्रम का संचालन अकादमिक एवं प्रशासनिक समन्वयक डॉ रतनसिंह शेखावत ने किया। सामुदायिक सहभागिता केंद्र की संयोजक डॉ शालिनी जोशी ने बताया कि यह केंद्र समाज और विश्वविद्यालय के बीच सेतु का कार्य करेगा, जिससे सामुदायिक जुड़ाव और शैक्षणिक सहभागिता को बल मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफेसर डॉ अनिल मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

दीपावली से पूर्व सभी सड़कों की मरम्मत पूर्व करने के निर्देश : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पंत ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर, सेवा पखवाड़ा, राइजिंग राजस्थान, जिलों में चौपाटी निर्माण, पंच गौरव, सड़कों एवं स्कूल भवनों की मरम्मत आदि कार्यों की प्रगति एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में 17 सितम्बर से आयोजित होने वाले शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों के तहत 17 विभागों की गतिविधियों के 56 प्रस्तिक्षत कैम्पों का आयोजन हो गया है। मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर को निर्देशित किया कि दीपावली से पूर्व सभी सड़कों की मरम्मत पूर्ण की जाए, जिसमें ग्रामीण, नगरीय निकाय, पीडब्ल्यूडी और यूआईटी की सड़कें शामिल हैं। साथ ही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने पर बल देते हुए कहा कि सभी जिलों में ऐसे क्षेत्रों, क्रॉसिंग्स और फ्लाईओवर के नीचे के इलाकों में सड़कों का सुदृढ़ निर्माण कराया जाए ताकि आमजन को जलभराव जैसी गंभीर समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने पंच गौरव अभियान को मुख्यमंत्री के सचिवियक प्राथमिक कार्यक्रमों में से एक बताते हुए सभी जिलों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पर ठोस प्रगति करने, लक्ष्य समय पर पूरा करने और अभियान को सफल बनाने के लिए जिलों को आवंटित राशि की स्वीकृतियां शीघ्र जारी कर गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चौपाटी विकास और राइजिंग राजस्थान के जिलों के एमओयू से जुड़े सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बैठक मिड रिव्यू के रूप में आयोजित की गई है ताकि अब तक के कार्यों की स्थिति का सही मूल्यांकन किया जा सके, कम प्रगति की गतिविधियों की पहचान हो तथा सभी जिलों को बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरणा मिल सके। उन्होंने सभी जिलों को शिविर के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन खातों की ई-केवाईसी जैसी योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने और फसल बीमा पॉलिसी वितरण की प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने शिविरों और सेवा पखवाड़े से संबंधित तस्वीरें नियमित वेबसाइट सेवा पर्व पर अपलोड करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों की दृश्यता बढ़े और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को यह भी निर्देश दिया कि वे घटनाओं पर तुरंत मौके पर पहुंचें ताकि आमजन में विश्वास और आत्मबल बना रहे। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर फील्ड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं, योजनाबद्ध और आकस्मिक निरीक्षण नियमित रूप से करें ताकि कार्य की प्रगति का आंकलन हो सके तथा फाइलों के मिस्तारण की वास्तविक स्थिति का पता लग सके। उन्होंने कहा कि फील्ड में उपस्थिति ही प्रशासन की असली पहचान है, इसलिए सभी अधिकारी अपने क्षमण, चौपालों और रात्रि विश्राम को गंभीरता से लें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कलेक्टर अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यालयों की रैंडम जांच करें ताकि सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सके। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर अवधि के दौरान यदि कोई प्रकरण लंबित है तो उसका उसी दिन निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, चाहे अधिकारियों को अधिक समय तक कार्य करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला अपनी सफलता की कहानियां अधिक से अधिक प्रकाशित करे और डिजिटल माध्यम से साझा करे, ताकि जनता तक अच्छे कार्यों की जानकारी उपलब्ध हो सके और प्रेरणा का वातावरण बने। उन्होंने कहा कि धरती आबा कार्यक्रम की कार्य योजना शीघ्र भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ एवं गंगानगर जिले का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में बेहतर प्रदर्शन रहा है। इसी प्रकार बाड़मेर जिले का भूमिकरण के निस्तारित प्रकरणों का प्रति कैम्प औसत सराहनीय है और अन्य जिले इससे प्रेरणा लेकर अपने कार्य में और बेहतर प्रदर्शन करें।

बैठक में विभिन्न विभागों जैसे आयोजना, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवासन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, स्वायत्त शासन, शिक्षा, उद्योग, जल संसाधन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, वन, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पशुपालन, पंचायतीराज, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा, ग्रामीण एवं शहरीसेवा शिविर, राइजिंग राजस्थान, पंचगौरव अभियान, चौपाटीविकास और सड़कों एवं स्कूलभवनों की मरम्मत से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।



शैक्षिक परिदृश्य में मौलिक बदलावों हेतु शिक्षा मंत्री की अनूठी पहल

देश में गुरूओं का मान सर्वोपरी, गुरूजन भी उसी अनुरूप करें आचरण : शिक्षा मंत्री

शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों से सीधा संवाद

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

उदयपुर। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर उदयपुर दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर सभागार में आयोजित उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के शिक्षा अधिकारियों व प्रधानाचार्यों के संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दिलावर ने कहा कि प्रदेश में शैक्षिक परिदृश्य में मौलिक बदलाव लाने हेतु यह एक अनूठी पहल है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैं आप सभी में भारतीय परंपरा के महान शिक्षकों की प्रतिमूर्ति देखता हूँ। इस देश में गुरुओं का मान सर्वापरि माना गया है, गुरुजन भी उसी के अनुरूप आचरण करें।

वायु सेना दिवस पर दी बधाई : कार्यक्रम के दौरान वायुसेना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए दिलावर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दुनिया को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक में अच्छे नागरिक तैयार करने की भरपूर क्षमता होती है। अब हमें पूरी निष्ठा से देश में श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में जुट जाना होगा।

शिक्षकों से लिए सुझाव : दिलावर ने सीधे संवाद के दौरान शिक्षकों से अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर सुझाव लिए, जिनमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के बच्चों को पुनः मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना, विद्यालयों में प्रार्थना समय को रोचक बनाना, विद्यार्थियों में सीखने की प्रवृत्ति को निरंतर बनाए रखना, एसडीएमसी को मज़बूती देना, बालिका शिक्षा को सशक्त करना शामिल रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों-अभिभावकों को विद्यालय समय पश्चात भी संवाद बनाए रखना चाहिए। शिक्षकों द्वारा जितना समय गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्यों में दिया जाएगा, उतना ही देश तेज़ी से प्रगति करेगा।

शिक्षक हितों पर सरकार संवेदनशील : मंत्री दिलावर ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अगले दो वर्षों में शिक्षा विभाग में कोई पद रिक्त न रहे। नवीन विद्यालयों के लिए नए पद सृजित किए जा रहे हैं। अब तक 50 हजार से अधिक पदोन्नतियाँ की जा चुकी हैं और 25 हजार और की जाएँगी। स्टाफिंग पैटर्न भी रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। कार्यक्रम में मंत्री दिलावर के हाथों शिक्षा विभाग, संडर सीमेंट एवं एसबीआई के साझे में बीमा एमओयू के तहत करंट लगने से देवाराम पुत्र गौरीशंकर के पिता की दुर्घटना में हताहत होने पर एमओयू के तहत पहला बीमा क्लेम राशि 1 लाख रुपये का चेक भी सौंपा गया। संवाद कार्यक्रम में पूर्व कुलपति एवं शिक्षाविद् प्रो कैलाश सोढानी ने कहा कि शिक्षकों से संवाद देश की प्रगति का आधार है। आज राष्ट्र का हर विकास शिक्षक वर्ग के परिश्रम का परिणाम है।

राजीविका और रूमादेवी फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

उन्नती इन्क्यूबेशन हब पहल के अन्तर्गत - ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण को मिलेगी नई दिशा

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन एवं सतत आजीविका सृजन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका ने अपनी नई पहल उन्नति इन्क्यूबेशन हब के तहत रुमा देवी फाउंडेशन के साथ एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन राजीविका राज्य मुख्यालय| जयपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रुमा देवी फाउंडेशन की ओर से डॉ रुमा देवी, विक्रम सिंह डायरेक्टर एवं उनकी टीम उपस्थित रहे। राजीविका की ओर से अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्रेया गुहा मिशन निदेशक राजीविका नेहा गिरी परियोजना निदेशक प्रीति सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक डॉ पूजा शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएँ संयुक्त रूप से महिलाओं के कौशल उन्नयन, उद्यमिता प्रोत्साहन तथा बाज़ार तक पहुँच सुदृढ़ करने के लिए कार्य करेंगी, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकें और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंचों तक पहुँचाने में सहयोग प्राप्त हो सके। राजीविका की व्यापक संस्थागत पहुँच एवं रुमा देवी फाउंडेशन की जमीनी उपस्थिति तथा क्षेत्रीय विशेषज्ञता के माध्यम से यह साझेदारी ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान एवं समावेशी विकास के लिए एक नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में आरएससीईआरटी शासी परिषद की बैठक

पाठ्य सामग्री भारतीय संस्कृति अनुरूप तैयार करने पर दिया जोर

ब्यूरो चीफ (विवि) / परिष्कार पत्रिका

उदयपुर। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद आरएससीईआरटी की शासी परिषद की बैठक उदयपुर जिले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में परिषद की विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान दिलावर ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना और प्रतिवेदन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पाठ्य सामग्री तैयार करते समय विशेष सावधानी बरती जाए तथा यह भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए।

नवाचारों व योजनाओं पर विमर्श : बैठक में विकास व्यय के अनुमोदन, रिक्त पदों की स्थिति, हमारा राजस्थान पुस्तक अद्यतन प्रस्ताव सहित अनेक मौलिक नवाचारों पर चर्चा हुई। मंत्री दिलावर ने स्पष्ट किया कि परिषद के सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएँ।

बैठक में शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सीआर देवासी, आरएससीईआरटी निदेशक कविता पाठक सहित विभाग के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर एवं लोकवाहन समिति अध्यक्ष विनोद चौधरी ने दांतली मोटर गैराज का किया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

दांतली, जयपुर। नगर निगम मोटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर एवं लोकवाहन समिति अध्यक्ष विनोद चौधरी ने दांतली मोटर गैराज का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे। महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने बताया कि नगर निगम मोटर के सातो जोनो में सफाई व्यवस्था हेतु संसाधनों के संचालन व रखरखाव हेतु 4 गैराज संचालित है तथा दांतली गैराज के शुभारम्भ के साथ कुल 5 गैराज संचालित हो गये है।

उन्होने बताया कि वर्तमान में परिसीमन में नगर निगम मोटर के जगतपुरा जोन में शामिल गांव दांतली, सिरोली, विद्याणी, गोनेर के क्षेत्र कुल 10 वार्ड में प्रभावी सफाई व्यवस्था हेतु इस गैराज से संसाधनों का संचालन किया जायेगा। महापौर ने बताया कि दीपावली के अवसर पर उक्त क्षेत्र में प्रभावी सफाई व्यवस्था हेतु आमजन से निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की जिससे जयपुर शहर सफाई में अग्रणी तथा अव्वल बने।

आईसीडीएस निदेशालय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीई कार्यक्रम के सुदृढ़िकरण के लिए गैर सरकारी संस्थाओं के साथ किए तीन एमओयू

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं आईसीडीएस द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीई कार्यक्रम के सुदृढीकरण के लिए बुधवार को गैर सरकारी संस्थाओं के साथ तीन एमओयू एमओयू संपादित किये गये।

आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित भामाशाह योजना के तहत विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व मानिटरिंग हेतु 3 गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इन एमओयू के तहत आईसीडीएस द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा ईसीसीईई कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ करने की कार्य योजना है।

निदेशक वासुदेव मालावत ने अवगत कराया कि विभाग की भामाशाह योजना के तहत व्यक्तिगत, संस्थागत और सीएसआर के तहत समुदाय से सहयोग लेते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शाला पूर्व गतिविधियों, मानदेय कर्मियों का क्षमता वर्धन एवं आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधा में सुधार लाकर सेवाओं को बेहतर किया जा सकेगा। आईसीडीएस निदेशक ने तीनों एमओयू के तहत होने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावको व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का डिजिटल मीडिया समूह के माध्यम से डिजिटल ईसीसीई गतिविधियां भिजवाने के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खेल आधारित शिक्षण, शिक्षण प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा। बारां जिले में सैमसे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन एवं वाश कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोग प्रदान करेंगे व बारां जिले की चिन्हित 500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को शाला पूर्व किट भी उपलब्ध कराएंगे। बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रन द्वारा राजसमंद, पाली और जोधपुर जिले की चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने, नियमित ईसीसीई गतिविधियों के संचालन तथा पंजीकृत बच्चों की माताओं के समूह बनाकर स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर 300 छात्राओं को निःशुल्क वैक्सीन

सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा की ओर जयपुर का ऐतिहासिक कदम,
पाक विस्थापित परिवारों की बेटियों को लगे वैक्सीन

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में जयपुर में एक ऐतिहासिक पहल हुई। मानसरोवर क्षेत्र के वरुण पथ स्थित सामुदायिक केंद्र पर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर आयोजित निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर ने समाज में नई मिसाल कायम की। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 300 स्कूली छात्राओं, जिनमें पाकिस्तान से विस्थापित हिन्दू परिवारों की बच्चियाँ भी शामिल थीं, को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है जो समाज के हर वर्ग को जोड़ता है।

जनसेवा का जीवंत उदाहरण : महापौर डॉ गुर्जर ने इस पहल को पूरी तरह निजी दायित्व मानते हुए अपनी सैलरी से वैक्सीन की लागत वहन की। उन्होंने कहा की हमारे देश की बच्चियाँ हमारे भविष्य का भारत हैं। उनकी सुरक्षा और सेहत सुनिश्चित करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उनका यह कदम उन परिवारों के लिए वरदान साबित हुआ जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों को यह महंगी वैक्सीन नहीं लगवा सकते थे।

विस्थापित परिवारों में भावनात्मक पल : कार्यक्रम की सबसे भावुक झलक तब देखने को मिली जब पाकिस्तान से विस्थापित हिन्दू परिवारों की बच्चियों ने भी टीका लगवाया। एक विस्थापित माँ ने कहा की हमने बहुत कुछ खोया है, लेकिन आज हमारी बेटियों को जो सुरक्षा मिली है, वह हमें नया जीवन देती है। इन परिवारों के लिए यह वैक्सीन केवल स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं, बल्कि स्वीकृति और सम्मान का प्रतीक भी थी।

कैंसर हारेगा, भारत जीतेगा : टीकाकरण के दौरान बच्चियों ने उत्साहपूर्वक कैंसर हारेगा, भारत जीतेगा के नारे लगाए। उनके चेहरों पर मुस्कान और आँखों में आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण थे कि यह पहल केवल टीकाकरण तक सीमित नहीं, बल्कि एक सुरक्षित भविष्य की नींव है।

समाज को प्रेरित करने वाली पहल : इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य सेवा का अधिकार हर व्यक्ति का है की चाहे उसकी सामाजिक, आर्थिक या धार्मिक स्थिति कुछ भी हो। महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की यह पहल संवेदनशील नेतृत्व, नारी सशक्तिकरण और मानवता की सेवा का सशक्त उदाहरण बन गई है।

इस अवसर पर माननीय चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा ही एक स्वस्थ समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अरूण वर्मा, रामवतार गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता प्रताप राव सहित निगम के अधिकारी एवं आमजन मौजूद रहे।

जयपुर में जेडीए ने बारह बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-14 निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

उप महानिरीक्षकपुस्त, राहुल कोटोकी ने बताधिक जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित पीनी की तलाई, तहसील आमेर, दिल्ली रोड के पास, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर भैरव नगर के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका, बाजडोली रोड, कच्ची बस्ती के पीछे, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर शिव वाटिका के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देशन में जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

मोबाइल खोज जाए तो क्या करें ?

साइबर जागरूकता के संबंध में राज्य सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी

ब्यूरो चीफ रवि सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर फ्रॉड और डिजिटल अपराधों की रोकथाम के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार गंभीर प्रयास कर रही है। विभिन्न जागरूकता अभियानों और जनहित कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान द्वारा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल खो जाए तो क्या करें विषय पर एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है।

सीईआईआर से मोबाइल ट्रेक और ब्लॉक करें :

एडवाइजरी के अनुसार किसी व्यक्ति का मोबाइल खोने या चोरी हो जाने पर वह http://sancharsaathi.gov.in पोर्टल पर जाकर CEIR (Central Equipment Identity Register) की सहायता से अपने मोबाइल को ट्रेस और ब्लॉक कर सकता है। CEIR एक केंद्रीकृत प्रणाली है, जिसके माध्यम से मोबाइल डिवाइस को उनके IMEI नंबर के आधार पर ट्रैक किया जा सकता है। इस पोर्टल के माध्यम से भारत के सभी टेलीकॉम नेटवर्क्स पर खोए या चोरी हुए डिवाइस को ब्लॉक किया जा सकता है। साथ ही ब्लॉक किया गये मोबाइल को यदि कोई अन्य व्यक्ति इस्तेमाल करता है तो उसे ट्रेस कर लोकेशन का पता भी लगाया जा सकता है। इससे मोबाइल खो जाने या चोरी होने पर उसका दुरुपयोग रोका जा सकता है।

मोबाइल मिल जाने पर इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल को सामान्य उपयोग के लिए अनब्लॉक भी किया जा सकता है। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में यह एक प्रभावी कदम है।

सुविचार

अगर आप अपने प्यार को कुछ देना चाहते हैं तो वक्त दीजिए क्योंकि जब आप किसी को अपना वक्त देते हो तो आप उसे अपनी जिंदगी को वो पल देते हो जो कभी लौटकर नहीं आता...।

शिक्षा मंत्री ने उदयपुर के जायरा और छानी में नव निर्मित विद्यालय भवनों का किया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

उदयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को उदयपुर के नाराणांव उपखंड क्षेत्र के जायरा गांव में आईआईएफएल फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जायरा के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में आदिवासी क्षेत्रों की उपेक्षा की गई, जबकि वर्तमान सरकार में सर्वाधिक विकास कार्य जनजाति अंचल में किया जा रहे हैं। दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार का सर्वाधिक बजट शिक्षा पर खर्च किया जा रहा है। राज्य के सरकारी विद्यालयों के बच्चों को विद्यालयों में पौष्टिक भोजन, निःशुल्क ड्रेस, निःशुल्क पुस्तकें वितरण की जा रही है। गत वर्ष राज्य में 10 लाख तीस हजार साइकिल छात्राओं को प्रदान की गई। प्रतिभाशाली छात्राओं को स्कूटी भी दी जा रही है। छात्रों को राज्य सरकार ने 86 हजार टेबलेट प्रदान किए हैं। मंत्री दिलावर ने कहा कि आईआईएफएल फाउंडेशन का कार्य अत्यंत प्रेरणादायी एवं सराहनीय है। इस संगठन ने उदयपुर जिले को गोद लिया है। इन्होंने पिछले 10 साल में राजस्थान में 1200 सामुदायिक शिक्षण केंद्र का निर्माण किया जिसमें 26 हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संगठन की ओर से राजस्थान सरकार से किए गए करार में 102 बालिका विद्यालयों को समग्र शिक्षा के लिए गोद लिया गया है, जहां छात्रों को सभी आधुनिक शिक्षण सामग्री, उपकरण, संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वह उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर अच्छी श्रेणी में उत्तीर्ण होकर केंद्र व राज्य सेवाओं में जा सकें।

मंत्री दिलावर ने जनजाति क्षेत्र में हो रहे धर्मांतरण पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मांतरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धर्मांतरण लौभ, झांसा देकर करने वालों को कठोर सजा दी जाएगी। धर्मांतरण द्वारा देश को तोड़ने की साजिश से चलाई जा रही है तथा यह उच्च स्तरीय षड्यंत्र है। इस कार्य के माध्यम से जनजाति क्षेत्र सहित देश भर में अराजकता एवं देश विरोधी गतिविधियां संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम, कृष्ण, शबरी व भारत माता की संतान है तथा देश व धर्म की रक्षा हमारा पहला कर्तव्य है। मंत्री दिलावर ने कहा कि नया गांव उपखंड में राज्य सरकार द्वारा ढाई करोड़ रूपये की लागत से दो आवासीय विद्यालयों का भी निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर दिलावर ने कहा कि राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जायरा में छात्र संख्या 120 होने पर इस विद्यालय को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कर्मोन्नत कर दिया जाएगा।

यूडीएच राज्य मंत्री ने श्रीमाधोपुर में केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर 5 नवीन रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

2 बसें रामदेवरा, 2 बसें उदयपुर व 1 बस चलेगी जयपुर : झुंझुनूं

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार पत्रिका

सीकर। सीकर जिले के श्रीमाधोपुर शहर के केन्द्रीय बस स्टैंड पर बुधवार को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार झाबर सिंह खर्रा ने 5 नई रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यूडीएच राज्य मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सुविधा के लिए परिवहन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान कुल 5 नई बसों को श्रीमाधोपुर आगार से विभिन्न रूटों पर रवाना किया गया। इनमें से 2 बसें रामदेवरा, 2 बसें उदयपुर और 1 बस जयपुर-झुंझुनूं के लिए चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नई बसों के संचालन से यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार नए रूट शुरू कर रही है ताकि लोगों को समय पर और सुलभ परिवहन सेवा मिल सके। इस अवसर पर विभाग के कार्यकारी निदेशक चांदमल, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

(कविता)

मत खोजो रैली में, मिलता में पुस्तकों में

समसामयिक विषय पर कविता

शिव कुमार पालीवाल
परिष्कार पत्रिका जयपुर

मत खोजो रैली में मुझको,
पुस्तकों में मैं मिलता।
मूर्तियों से कोसों दूर हूं,
संविधान में मैं मिलता।
मूलमंत्र शिक्षा का दिया था,
किसी-किसी ही में मिलता।
संगठित तो तुम हो नहीं सकते
बिखराव सदा मुझको मिलता।
संघर्ष की तो बात दूर है,
आपस में वैरभाव मिलता।
जय भीम के नारे लगाते,
ईर्ष्याभाव सदा मिलता।
मैं ही मैं हूं और नहीं कोई,
यही अभिमान सदा मिलता।
मुझको पढ़कर बढ़ो सदा तुम,
आत्मसंतोष मुझको मिलता।
शिक्षा संगठन संघर्ष में ही,
सदा साथ में मैं मिलता।
मेरा सच्चा अनुयायी वो,
जिसमें प्रेमभाव मिलता।
मन का दर्पण शिव लेखन से,
सदा स्वच्छ मुझको मिलता।

रचनाकार
शिव कुमार पालीवाल
ग्राम,कंचनपुर,श्रीमाधोपुर, सीकर

प्रकाशन के लिए अपने खबर भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820
parishkarpatrika@gmail .com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika .com

सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक (अंग्रेजी माध्यम)]

प्रवेश प्रारंभ 2025-26

- : विशेषताएं : -
न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, खेलकूद प्रतिस्पर्धाएं, साप्ताहिक बाल सभा, उचित वाहन सुविधा एवं समय-समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान मो. 9414784593

Reg. No. : 243/81 Mob. : 8852009000 9351780937

Sanjay Memorial Sr. Sec. School
17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006
प्रवेश प्रारम्भ
PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM
No Admission Fee
RTE सी 25% आरक्षित
9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा
11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी
वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी
Free Dress for New Admission
स्कूल की विशेषताएँ
➢ कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी
➢ बोर्ड कक्षाओं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी
➢ विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश
➢ विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला
➢ पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम
➢ 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक लाने पर फीस में विशेष छूट
➢ स्पोर्ट्स विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट
➢ सभी कक्षाएँ वातानुकूलित
➢ सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री युनिफॉर्म
हॉस्टल व वाहन सुविधा
निदेशिका
(सैयद इशरत ज़बी)

Parashar Children Paradise Public Sr. Sec. School
Hindi Medium Nur. to 12 th (Arts) Class
English Medium N.U.R. to 8th Class
रजि. नं. 403 स्थापित-1996-97
पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल
विशेषताएं :
प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, श्रेष्ठ माहौल, साप्ताहिक टेस्ट, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, साप्ताहिक बाल सभा, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।
ADMISSION OPEN
PARASHAR SCHOOL FAMILY
FOR DETAILS
DIRECTOR 9351451481
PRINCIPAL 8114470073
Address 17, Park View Colony Behind NBC Quarters, Khatipura Road, Jaipur-06
RAMLAL PARASHAR DIRECTOR

Reg. No. 259/2001 Estd. 2001
Jai Maa Saraswati Vidhyapeeth Sr. Sec. School
54, Durga Vistar Colony, Raval Ji Ka Bandha, Behind NBC Quarters, Jaipur, Rajasthan 302006
Nur. to XII Hindi & English Medium (Arts & Com.)
Admission OPEN Now
Congratulations to All My Dear Students & Parents
Our Goals & Ambitious :-
1. In this session, we have started a Special program for students and their parents in our School.
2. Compulsory medical insurance for all students.
3. Book-Bank has been started so that parents can besaved from the financial burden of buying books in the coming session.
4. To increase the students moral values, We have decided to go to OLD AGE HOME with students and their parents.
Our Facilities:
1. Live Camera on the Class.
2. Transport Facilities.
3. Computer Laboratories.
4. Libraries.
5. Sports Facilities.
6. Indoor & Outdoor Play Areas.
Director : Sanjay Sir Contact : 9251467543

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार